# 16. खान एवं खनिज

❒ भारत के किस राज्य को 'खनिजों का संग्रहालय' (Museum of Minerals) कहा जाता है?
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (I)]
(1) पंजाब (2) हरियाणा (3) राजस्थान (4) गुजरात
Ans. (3)

*व्याख्या : राजस्थान में पाये जाने वाले खनिजों का बाहुल्य एवं विविधता के कारण राजस्थान को 'खनिज पदार्थों का अजायबघर' कहा जाता है।*

❒ वे खनिज जिनमें राजस्थान का देश में एकाधिपत्य है-
[प्रयोगशाला सहायक 13.11.16]
[JEN (Diploma) Exam - 21.08.2016]
(1) तामड़ा, वोलेस्टोनाइट, ग्रेनाइट, संगमरमर
(2) जास्पर, तामड़ा, फेल्सपार, जिप्सम
(3) जास्पर, तामड़ा, पन्ना, वोलेस्टोनाइट
(4) जास्पर, तामड़ा, संगमरमर, सीसा-जस्ता
Ans. (3)

*व्याख्या - राजस्थान को देश में एकाधिकार -*

| खनिज | प्रतिशत | खनिज | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| वोलेस्टोनाइट | 100% | जास्पर | 100% |
| गारनेट (जेम) | 100% | जिप्सम/सेलेनाइट | 100% |
| टंगस्टन | 99% | केल्साइट | 98% |
| फ्लोराइट | 96% | जस्ता कन्सन्ट्रेट | 90% |
| संगमरमर | 90% | एस्बेस्टस | 89% |
| घीया पत्थर | 87% | सोपस्टोन | 87% |
| सीसा कन्सन्ट्रेट | 80% | रॉक फॉस्फेट | 75% |

❒ राजस्थान में पाया जाने वाला कौनसा खनिज, भारत में इस खनिज के उत्पादन में पूरे 100% का योगदान करता है- [वनरक्षक-11.12.2022(S-II)]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (I), 15.05.2022 (II)]
(1) वोलस्टोनाइट (2) जिप्सम (3) एस्बेस्टॉस (4) रॉक फॉस्फेट
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान, भारत में ... का सबसे बड़ा उत्पादक है-
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-07.11.2020 (II)]
(1) कच्चा लोहा (2) अभ्रक
(3) प्राकृतिक गैस (4) सीसा और जस्ता
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न में से किन खनिजों में राजस्थान भारत में एकल उत्पादनकर्ता है? [LDC Exam -12.08.2018]
[Asst. Testing Officer - 27.07.2021]
[राजस्थान पुलिस-13.5.2022 (S-II)]
(1) अभ्रक, वोलेस्टोनाइट तथा जिंक अयस्क
(2) अभ्रक, जिप्सम तथा यूरेनियम
(3) जिप्सम, वोलेस्टोनाइट तथा यूरेनियम
(4) सीसा एवं जिंक अयस्क, सेलेनाइट तथा वोलेस्टोनाइट
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्न में से कौन-से खनिजों का राजस्थान लगभग अकेला उत्पादक राज्य हैं? [RAS -05.08.2018]
**1. सीसा एवं जस्ता अयस्क** **2. ताम्र अयस्क**
**3. वोलेस्टोनाइट** **4. सेलेनाइट**
(1) 1 एवं 3 (2) 1, 2 एवं 4
(3) 1, 2 एवं 3 (4) 1, 3 एवं 4
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान का खनिज उत्पादन में योगदान के सम्बन्ध में कौन-सा कथन असत्य है-
[प्रयोगशाला सहायक परीक्षा - 13.11.16]
(1) राजस्थान भारत का शत-प्रतिशत वोलेस्टोनाइट उत्पन्न करता है।
(2) राजस्थान भारत का 96% फ्लोराइट उत्पन्न करता है।
(3) राजस्थान भारत का 75 प्रतिशत रॉक फॉस्फेट उत्पन्न करता है।
(4) राजस्थान भारत का 90 प्रतिशत जास्पर उत्पन्न करता है।
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान खनिज उत्पादन 2023-24 के अनुसार देशभर में राजस्थान, .....खनिज का एक मुख्य उत्पादक है-
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)]
(1) सिलिमैनाइट (2) डायमंड/हीरा
(3) सीसा और जस्ता (4) वर्मीक्यूलाइट
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ भारत में खनिज सम्पदाओं के संदर्भ में राजस्थान निम्न में से कौनसी खनिज सम्पदा में एकाधिकार नहीं रखता है- [JEN (विद्युत) डिप्लोमा -29.11.2020]
(1) जस्ता (2) पेट्रोलियम (3) संगमरमर (4) सीसा
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ राजस्थान उत्पादन में अपना एकाधिकार रखता है:
[RPSC Head Master Exam. 15 May, 2012]
[JEN Degree (TSP) Exam - 16.10.2016]
(1) वोलेस्टोनाइट (2)अभ्रक (3) मैंगनीज (4) फेल्सपार
**Ans. (1)**

*व्याख्या - वोलेस्टोनाइट का उत्पादन बेल का भगरा (सिरोही), उदयपुर के खोरताला (कोटड़ी तहसील), कुरा (सायरा तहसील), अजमेर जिले के पीसांगन, ब्यावर जिले के गोला, अलीपुरा, कोटड़ा क्षेत्र में सौ प्रतिशत होता है।*

❐ गोला-अलीपुरा .....का प्रसिद्ध भण्डारण क्षेत्र है।
[III Grade (Urdu) -28.02.2023]
(1) क्वार्ट्ज(2) सिलिका-रेत(3) डोलोमाइट (4) वोलेस्टोनाइट
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ सुमेलित कीजिये: [RPSC Head Master. 15 May, 2012]

| (खनिज) | (राजस्थान में मुख्य उत्पादन क्षेत्र) |
|---|---|
| A. फेल्सपार | 1. सीकर |
| B. फ्लोराइट | 2. पाली |
| C. कैल्साइट | 3. अजमेर |
| D. वोलेस्टोनाइट | 4. बाड़मेर |
| | 5. डूँगरपुर |

| कूट : | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 5 | 1 | 2 | (2) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (3) | 2 | 4 | 3 | 5 | (4) | 5 | 2 | 4 | 3 |

**Ans. (1)**

*व्याख्या - फेल्सपार ब्यावर एवं अजमेर जिले में, फ्लोराइट डूँगरपुर जिले में, कैल्साइट सीकर जिले का रायपुर क्षेत्र में, वोलेस्टोनाइट ब्यावर, सिरोही एवं पाली जिले में उत्पादित होता है।*

❐ राजस्थान में हीलियम गैस कहाँ मिली है-
[III[rd] Grade Teacher Exam. 2012]
(1) घोटारू (जैसलमेर) (2) कोलायत (बीकानेर)
(3) अलवर (4) अजमेर
**Ans. (1)**

*व्याख्या - पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस : जैसलमेर जिले के कमलीताल (मनिहारी टिब्बा), तनोट, घोटारू व डांडेवाला क्षेत्र में तथा बाड़मेर के रागेश्वरी में प्राकृतिक गैस। बीकानेर के बाधेवाला में हैवीक्रूड ऑयल के भण्डार तथा बाड़मेर जिले के गुढ़ामलानी क्षेत्र में गुढ़ा, बालोतरा जिले के कोसलू, बायतू, मंगला क्षेत्र में खनिज तेल।*

❐ राजस्थान के किस जिले में प्राकृतिक गैस के बड़े भण्डार खोजे गये हैं ? [R.A.S. Pre Exam, 2003]
[R.A.S. Pre Exam, 1994]
(1) जैसलमेर (2) धौलपुर(3) बाँसवाड़ा (4) बीकानेर
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ मनिहारी टीब्बा....का प्रमुख खनन क्षेत्र है-
[III Grade (L-I) -25.2.2023]
(1) प्राकृतिक गैस (2) पेट्रोलियम
(3) लिग्नाइट (4) चूना पत्थर
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ बायतू, कांसल एवं कपूरड़ी क्षेत्र किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं? [खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]
(1) पवन ऊर्जा (2) भू-तापीय ऊर्जा
(3) तेल एवं गैस (4) जल-विद्युत
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ कौनसा पेट्रोलियम उत्पादन स्थल बाड़मेर जिले में स्थित नहीं है? [III Grade (Sindhi) -01.03.2023]
(1) मंगला (2) घोटारू (3) भाग्यम (4) ऐश्वर्या
**Ans.** (2)* *घोटारू-जैसलमेर, मंगल एवं ऐश्वर्या-बालोतरा*

❐ राजस्थान में स्टील ग्रेड चूना पाया जाता है:
[RPSC Head Master Exam. 15 May, 2012]
(1) चित्तौड़गढ़ जिले में (2) सवाई माधोपुर जिले में
(3) अलवर जिले में (4) जैसलमेर-नागौर जिले में
**Ans. (4)**

*व्याख्या - लाइम स्टोन/चूना पत्थर : जैसलमेर जिले के सोनू क्षेत्र, उदयपुर, अजमेर, चित्तौड़गढ़, सिरोही व नागौर जिलों में लाइमस्टोन अधिकता में पाया जाता है।*

❐ इस्पात संयंत्रों को इस्पात ग्रेड के चूना पत्थर की आपूर्ति राज्य में कहाँ से होती है?[जेल प्रहरी - 2017]
(1) सोनू (2) गोटन (3) जामसर (4) बिलाड़ा
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ राजस्थान के किस जिले में जिप्सम का उत्पादन सर्वाधिक होता है? [कॉलेज व्याख्याता परीक्षा-2016]
(1) अजमेर (2) बाड़मेर
(3) जैसलमेर (4) उदयपुर
**Ans.** (3)

*व्याख्या - नागौर में भदवासी गोठ मंगलोद खान, बीकानेर में जामसर व लूणकरणसर तथा जैसलमेर के मोहनगढ़ क्षेत्र में जिप्सम/हरसौंठ का उत्पादन होता है।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ **बाड़मेर-सांचौर बेसिन प्रसिद्ध है-** [III[rd] Grade T. - 2012]
(1) पेट्रोलियम हेतु (2) खनिज पदार्थ हेतु
(3) बायो गैस हेतु (4) जिप्सम हेतु
**Ans. (1)**

> ***व्याख्या* -बाड़मेर-सांचौर बेसिन में खोजे गए तेल क्षेत्र निम्नांकित है: • मंगला-1 : ब्रिटिश कम्पनी केयर्न एनर्जी इंडिया लिमिटेड ने बायतू (बालोतरा)-कवास (बाड़मेर) ब्लॉक के जोगसरिया (नागणां गाँव) में खोदे गये कुएँ में अथाह तेल भण्डार काफी कम गहराई में प्राप्त किये। यह देश का सबसे बड़ा तेल भण्डार हो सकता है। नागणां गाँव में खोदा गया यह कुआँ 10 फरवरी, 2004 को देश को समर्पित कर इसका नाम 'मंगला-1' रख दिया।**
> - ***सरस्वती तेल क्षेत्र (कोसलू, बालोतरा)***
> - ***रागेश्वरी तेल क्षेत्र (अडेल, बाड़मेर)***
> - ***कामेश्वरी तेल क्षेत्र (अडेल, बाड़मेर)***
> - ***ऐश्वर्या तेल क्षेत्र (बायतू, बालोतरा)***

❑ **राजस्थान में मंगला तेल क्षेत्र की खोज किस वर्ष में की गई थी?** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-16.05.2022 (II)]
(1) 2003 (2) 2004 (3) 2005 (4) 2006
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में निम्न में से कौनसा कच्चे तेल का उत्पादन क्षेत्र नहीं है?**[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.05.2022]
(1) कामेश्वरी (2) मंगला (3) गुगलवा (4) सरस्वती
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **वर्तमान में राजस्थान के किस जिले में पेट्रोलियम के भण्डार मिले हैं?** [RPSC III Grade Teac. Ex-2004]
(1) जालोर (2) बाड़मेर (3) जोधपुर (4) नागौर
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्न में से कौनसा राजस्थान के तेल -क्षेत्र का नाम नहीं है-** [ACF & FRO - 18.2.2021] [RAS- 5.8.2018]
(1) ऐश्वर्या (2) सरस्वती (3) लक्ष्मी (4) रागेश्वरी
Ans. (3)*व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **मंगला-भाग्यम, शक्ति एवं ऐश्वर्या** [RAS Pre.2009] [Librarian III Grade 11.9.2022][महिला पर्यवेक्षक- 20.12.2015]
(1) अनुसूचित जाति की बालिकाओं के उत्थान के लिए तीन योजनाएँ है।
(2) बाड़मेर-सांचौर बेसिन में खोजे गए तेल क्षेत्र है।
(3) तीन निजी क्षेत्र में स्थापित विश्वविद्यालय है।
(4) रामगढ़ पावर प्लांट को आपूर्ति करने के लिए, जैसलमेर बेसिन से प्राकृतिक गैस का उत्पादन करना है।
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान का 'मंगला-1' क्षेत्र किससे सम्बन्धित है?** [R.A.S. Pre Exam, 1999][A. Jailor Exam, 2004]
(1) घना मरुस्थल (2) परमाणु विस्फोट
(3) कोयला (4) तेल व गैस भण्डार
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **'मंगला' एवं 'भाग्यम' तेल क्षेत्र किस जिले में है?** [छात्रावास अधीक्षक परीक्षा, 2008] [अन्वेषक - 27.12.2020][वनरक्षक-11.12.2022(S-II)]
(1) जैसलमेर (2) जालोर (3) बाड़मेर (4) श्रीगंगानगर
**Ans. (3)*** *मंगला तेल क्षेत्र वर्तमान में बालोतरा जिले में।*

❑ **मंगला और शाहगढ़ निम्न में से किस खनिज के खनन क्षेत्र हैं?** [JEN (Civil) Diploma-06.12.2020]
(1) लिग्नाइट कोयला(2) स्वर्ण(3) तेल और गैस(4) यूरेनियम
**Ans.** (3)

> ***व्याख्या -मंगला (बालोतरा) में तेल, शाहगढ़ (जैसलमेर) में प्राकृतिक गैस भण्डार है।***

❑ **भाग्यम तेल कुआँ किस जिले में स्थित है?** [III[rd] Grade Teacher Exam. 2012]
(1) जयपुर (2) बाड़मेर (3) जोधपुर (4) कोटा
**Ans. (2)**

> ***व्याख्या -विजया और भाग्यम : बाड़मेर के बोंथिया के पास एनवी-1 कुएँ की खुदाई में तेल भंडार खोजे गए जिसे विजया और भाग्यम नाम 4 अप्रैल, 2005 को दिया गया।***

❑ **राजस्थान में पेट्रोलियम उत्पादन क्षेत्र कितने जिलों में फैला हुआ है-** [VDO-28.12.2021 (S-II)] [Asst. Professor- 7.1.2024]
(1) 14 (2) 16 (3) 9 (4) 12
**Ans.** (1)

> ***व्याख्या* – राजस्थान के मुख्यत: चार पेट्रोलियम संभाव्य क्षेत्र (बेसिन) 14 जिलों के 150000 वर्ग किमी. क्षेत्र में है :**
> *(i) राजस्थान शेल्फ बेसिन (जैसलमेर बेसिन) – जैसलमेर*
> ***(ii) बाड़मेर-सांचौर बेसिन** (BS (1-5)-CBM-2005)– बाड़मेर एवं सांचौर (जालौर) जिले*
> ***(iii) बीकानेर-नागौर बेसिन** (RJ-ONN-90/5 3967)- बीकानेर, नागौर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं चूरू जिले*
> ***(iv) विन्ध्य बेसिन** (VN-ONN-2003/1)-कोटा, बारां, बून्दी, झालावाड़ तथा भीलवाड़ा व चित्तौड़गढ़ जिलों का कुछ हिस्सा*

Scanned with OKEN Scanner

❒ कौनसे जिले पेट्रोलियम उत्पादन करने वाले बीकानेर-नागौर बेसिन में शामिल हैं[PSI - 15.09.2021]
(1) बीकानेर, नागौर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू
(2) बाड़मेर, बीकानेर, नागौर, जालौर और जैसलमेर
(3) क़ोटा, बारां, बूँदी, बीकानेर और नागौर
(4) जैसलमेर, बीकानेर, नागौर, बूँदी और जालौर
**Ans.** (1) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नलिखित में से कौनसे राजस्थान में पेट्रोलिफेरस बेसिन है? [I Grade Teacher (GK) -11.10.2022]
1. बाड़मेर-सांचौर बेसिन 2. जैसलमेर बेसिन
3. बीकानेर-नागौर बेसिन 4. विन्ध्यन बेसिन
(1) 1, 2 और 3 (2) 1, 3 एवं 4
(3) 2, 3 और 4 (4) 1, 2, 3 और 4
**Ans.** (4) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान सरकार के पेट्रोलियम निदेशालय के अनुसार, राज्य को कितने संभावित पेट्रोलिफेरस बेसिनों में वर्गीकृत किया गया है- [शोध अध्येता परीक्षा-04.08.2024]
(1) 12 (2) 10 (3) 8 (4) 4
**Ans.** (4) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ कौन-सा पेट्रोलियम उत्पादन स्थल बाड़मेर में स्थित नहीं है-[कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) सीधी भर्ती- 20.03.2019]
(1) मंगला (2) भाग्यम (3) तनोट (4) ऐश्वर्या
**Ans.** (3)*

> ***व्याख्या :** जैसलमेर स्थित तनोट में प्राकृतिक गैस के भण्डार है। वर्तमान में मंगला-ऐश्वर्या बालोतरा जिले में हैं।*

❒ राज्य में किस जिले में सादेवाला कुएं में खनिज तेल मिलने का पता चला है? [जेल प्रहरी परीक्षा-2017]
(1) जोधपुर (2) बीकानेर (3) जैसलमेर (4) बाड़मेर
**Ans.** (3)

> ***व्याख्या** -ऑयल इंडिया लि. द्वारा बाघेवाला (बीकानेर) एवं सादेवाला क्षेत्र (जैसलमेर) में वर्ष 1991 में भारी तेल के विपुल भंडार की खोज की गई।*

❒ बाड़मेर -सांचौर बेसिन में कौनसा पेट्रोलियम उत्पादन केन्द्र स्थित नहीं है? [III Grade (Sanskrit) -27.02.2023]
(1) शक्ति (2) कामेश्वरी (3) तुकराम (4) सादेवाला
**Ans.** (4) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ B.P.R.L का पेट्रोलियम खनन क्षेत्र है- [III Grade (Sanskrit) -27.02.2023]
(1) सादेवाला (2) भाग्यम(3) चीनेवाला (4) डांडेवाला
**Ans.** (1) *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ बीकानेर-नागौर बेसिन में ऑयल इण्डिया लिमिटेड द्वारा खोजे गये तेल क्षेत्र को निम्न में से कौनसा नाम दिया गया है? [LDC 23.10.16]
(1) पूनम (2) मंगला (3) सीता (4) सुमित्रा
**Ans.** (1)

> ***व्याख्या**-बीकानेर-नागौर बेसिन में ऑयल इण्डिया लिमिटेड द्वारा 2011-12 में खोजे गये तेल क्षेत्र को पूनम -I नाम दिया गया है।*

❒ राजस्थान के बाड़मेर-सांचौर द्रोणी में तेल की खोज और वाणिज्यिक उत्पादन से कौन-सी कम्पनी सम्बद्ध है? [II Grade (Science) Exam, 2011]
[Police Constable Exam-2007(II), (III)]
(1) रिलायन्स एनर्जी वेन्चर्स (2) ओयल इण्डिया लिमिटेड
(3) केयर्न एनर्जी (4) ब्रिटिश पेट्रोलियम
**Ans.** (3)

> ***व्याख्या** - स्कॉटलैण्ड की केयर्न (CAIRN) एनर्जी इंडिया लिमिटेड (ब्रिटिश कम्पनी) द्वारा राजस्थान में तेल खोज सम्बन्धित कार्य किये जा रहे हैं।*

❒ केयर्न एनर्जी का मुख्यालय है : [R.A.S. Pre Ex., 2010]
(1) स्कॉटलैंड (ग्रेट ब्रिटेन)(2) दक्षिण कोरिया
(3) ब्राजील (4) संयुक्त राज्य अमरीका
**Ans.** (1) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ 'केयर्न एनर्जी' कम्पनी किस उद्योग से सम्बंधित है? [कारापाल परीक्षा, 2012]
(1) नमक (2) यातायात (3) रत्न आभूषण (4) तेल
**Ans.** (4) ***व्याख्या :*** *उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ निम्नांकित में से किस स्थान पर राजस्थान पेट्रोजोन स्थापित किया जाएगा। [CET - 5.2.2023 (S-II)]
[II Grade (Sans..) -12.2.2023 (S-I)]
(1) गुढामालानी (2) पचपदरा (3) कांकाणी (4) बोरानाडा
**Ans.** (2)

> ***व्याख्या** - पचपदरा (बालोतरा) में पेट्रोलियम, केमिकल्स एण्ड पेट्रोकेमिकल्स इन्वेस्टमेंट रीजन (PCPIR) की स्थापना की जाएगी। इसे 'राजस्थान पेट्रो जोन' के नाम से जाना जाएगा। इसे रीको के सहयोग से 25 हजार करोड़ रुपये से विकसित किया जाएगा।*

Scanned with OKEN Scanner

❒ राजस्थान, देश के कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। देश में राज्य का कुल कच्चे तेल का उत्पादन कितना है?

[VDO- 2021]
[II Grade Teacher (GK) -17.10.2022]

(1) 20% से अधिक (2) 30% से अधिक
(3) 10% से कम (4) 15% से कम

**Ans.** (1)

*व्याख्या* – *राजस्थान भारत में कच्चे तेल का महत्त्वपूर्ण उत्पादक है। भारत के कच्चे तेल के कुल उत्पादन (30.49 एम.एम.टी.पी.ए.) में राजस्थान का योगदान 14.95 प्रतिशत (4.39 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष) है और यह* ***बॉम्बे हाई***, *जो कि लगभग 49.6 प्रतिशत का योगदान देता है, के बाद* ***दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक*** *है।*

*स्रोत : आर्थिक समीक्षा 2024-25 (राजस्थान)*

❒ **आर्थिक समीक्षा 2021- 22 के अनुसार भारत में कच्चे तेल के उत्पादन में राजस्थान का स्थान है?**

[Asst. Statistical Officer-08.07.2022]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.05.2022 (II)]

(1) प्रथम (2) द्वितीय (3) तृतीय (4) चतुर्थ

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **एच.पी.सी.एल. राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड के रिफाइनरी-सह-पैट्रोकैमिकल संकुल का शिलान्यास कब, कहाँ और किसके द्वारा किया गया?**

[RPSC LDC, 11 Jan 2014]

(1) 22 सितम्बर, 2013 को लीलाला, जिला बाड़मेर में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के द्वारा।
(2) 22 सितम्बर, 2013 को पचपदरा, जिला बाड़मेर में श्रीमती सोनिया गाँधी के द्वारा।
(3) 20 सितम्बर, 2013 को पचपदरा, जिला बाड़मेर में श्रीमती सोनिया गाँधी के द्वारा।
(4) 22 सितम्बर, 2013 को पचपदरा, जिला बाड़मेर में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के द्वारा।

**Ans.** (2)

***व्याख्या*** *-बालोतरा जिले ( पूर्व बाड़मेर ) के पचपदरा के पास साजियावाली गाँव में 22 सितम्बर 2013 को राजस्थान की रिफाइनरी का श्रीमती सोनिया गाँधी के द्वारा शिलान्यास किया गया। यह रिफाइनरी नवगठित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (HRRL) द्वारा स्थापित की जायेगी।*

❒ **एच.पी.सी.एल. राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड ( एच.आर.आर.एल. ) को वर्ष.....में निगमित किया गया था।** [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-16.05.2022 (II)]

(1) 2012 (2) 2013 (3) 2014 (4) 2015

**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **राजस्थान सरकार ने पेट्रोलियम शोधक संयंत्र स्थापित करने हेतु किस सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी से अनुबन्ध किया है?** (IInd Grade Spc. Edu. 2017)

(1) ONGC (तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग)
(2) IOCL (इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लि.)
(3) HPCL (हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि.)
(4) BPCL (भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि.)

**Ans.** (3)

***व्याख्या*** – *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 16 जनवरी, 2018 को पचपदरा, बालोतरा में 9 मिलियन मिट्रिक टन वार्षिक क्षमता की राजस्थान रिफाइनरी परियोजना के कार्य का शुभारम्भ किया गया है।* ***देश में अपने तरह की पहली ऐसी परियोजना है, जिसमें पेट्रो-केमिकल कॉम्पलेक्स*** *भी सम्मिलित है। परियोजना की लागत राशि 43,129 करोड़ रुपये है। यह परियोजना एक संयुक्त उपक्रम (****एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लि.' नाम से संयुक्त उद्यम कम्पनी****) है, जिसमें* ***एच.पी.सी.एल. (HPCL) का अंश 74 प्रतिशत*** *और* ***राज्य सरकार का अंश 26 प्रतिशत*** *है।* ***यह देश की पहली आधुनिक बीएस-6 मानक की रिफाइनरी (इको फ्रेन्डली) होगी*** *और* ***पचपदरा के सांभरा व साजियाली रूपजी कंठवाली*** *में तैयार होगी।*

❒ **पचपदरा में प्रस्तावित ऑयल रिफाइनरी किसका संयुक्त उपक्रम है?** [RAS-05.08.2018]

(1) ONGCL एवं भारत सरकार
(2) OIL एवं राजस्थान सरकार
(3) HPCL एवं भारत सरकार
(4) HPCL और राजस्थान सरकार

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ **एच.पी.सी.एल. राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ( एच.पी.सी.एल. ) एवं राजस्थान सरकार के मध्य कितनी इक्विटी भागीदारी का संयुक्त उद्यम है?**

[CET : 08.01.2023 (S-I)]

(1) क्रमशः 72% एवं 28%
(2) क्रमशः 68% एवं 32%
(3) क्रमशः 56% एवं 44%
(4) क्रमशः 74% एवं 26%

**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❐ एचपीसीएल, राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड कहाँ स्थित है? [AEN Exam : 16.05.2014] [Industry Inspector Exam 24.06.2018] [CET : 08.01.2023 (S-I)][उद्योग निरीक्षक-24.06.2018]

(1) बूँदी (2) बाड़मेर (3) जोधपुर (4) जालौर

**Ans. (2)*** *व्याख्या : वर्तमान में बालोतरा जिले में हैं।*

❐ 'राजस्थान में सरस्वती परियोजना' प्रारम्भ करने वाली एजेन्सी है-[II Gra. (SSt) 2011] [I Grade T.-2010]

(1) राजस्थान स्टेट माइन्स व मिनरल्स

(2) वेदान्ता समूह

(3) ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कंपनी

(4) खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान

**Ans. (3)**

*व्याख्या-सरस्वती परियोजना के तहत ओएनजीसी, जैसलमेर में मीठे भूमिगत जल स्रोत खोजने के लिए कुएँ खोदेगी।*

❐ 14 एन.ई.एल.पी. ब्लॉक्स, 1 जे. वी. ब्लॉक्स, 2 नोमिनेशन ब्लॉक्स एवं 4 सी.बी.एम. ब्लॉक्स सम्बन्धित है : [R.A.S. Pre Ex., 2010]

(1) जिप्सम पट्टी से (2) स्वर्ण पट्टी से

(3) पेट्रोलियम अन्वेषण से (4) लिग्नाइट पट्टी से

**Ans. (3)**

*व्याख्या - राजस्थान में पेट्रोलियम अन्वेषण के 21 (14 एन.ई.एल.पी. ब्लॉक्स, 1 जे.वी.ब्लॉक्स, 2 नोमिनेशन ब्लॉक्स, 4 सी.बी.एम. ब्लॉक्स) ब्लॉक्स है।*

❐ राजस्थान का कौनसा शहर पीले पत्थर (यलो स्टोन) के व्यवसाय के लिए प्रसिद्ध है[RAS., 2003] [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (I)]

(1) कोटा (2) जैसलमेर

(3) अजमेर (4) चित्तौड़गढ़

**Ans. (2)**

*व्याख्या - किसी भी क्षेत्र में उत्पादित इमारती पत्थरों के रंगों से आप उस क्षेत्र के राजमहलों, मूर्तियों, खिलौनों का अन्दाज लगा सकते हैं। जोधपुर का गुलाबी पत्थर, अलवर, दौसा, धौलपुर का लाल पत्थर, जैसलमेर का पीला पत्थर, डूँगरपुर-उदयपुर का काला पत्थर तथा घीया-पत्थर महत्त्वपूर्ण है।*

❐ किस जिले का लाल पत्थर प्रसिद्ध है?[BSTC -2008]

(1) करौली (2) भरतपुर (3) अलवर (4) सीकर

**Ans. (1)**

*व्याख्या - दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन में धौलपुर का लाल पत्थर जबकि संसद भवन में करौली का लाल पत्थर लगा हुआ है।*

❐ राज्य में तामड़ा (गारनेट) का सर्वाधिक खनन किस जिले में होता है? [EO & RO - 14.05.2023 (S - II)] [वनरक्षक - 2013][कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष) 14.9.2019]

(1) पाली (2) टोंक (3) करौली (4) दौसा

**Ans. (2)**

*व्याख्या - गहरे लाल और गुलाबी रंग का होने के कारण तामड़ा/गारनेट को रक्तमणि भी कहा जाता है। वास्तव में यह लोहा-एल्यूमिनियम एवं पारदर्शी पदार्थों का मिश्रण होता है। राजस्थान का एकाधिकार वाला यह खनिज राजमहल (टोंक), सरवाड़ (अजमेर) जिलों में सदियों से प्राप्त हो रहा है। टोंक जिले के गोनेरी, सरोई, कुशलपुर, जनकपुरा में मिलता है।*

❐ राजमहल (टोंक) खान संबंधित है- [Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]

(1) सोना (2) पन्ना (3) चाँदी (4) तामड़ा

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ सरवाड़ एवं राजमहल खनन क्षेत्र इसके लिए प्रसिद्ध हैं- [II Grade (SST) -21.12.2022]

(1) एमरल्ड (2) कैल्साइट (3) गारनेट (4) मैग्नेसाइट

**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ सही सुमेलित नहीं है? [Head Master -15 May, 2012]

(1) जावर-जस्ता व सीसा अयस्क (2) बाँसवाड़ा-मैंगनीज

(3) नागौर - जिप्सम (4) बून्दी - गारनेट

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ जनकपुरा, कुशलपुर और सरवाड़ खानें जिस खनिज के उत्पादन के लिये जानी जाती हैं, वह है- [CET : 08.01.2023 (S-II)][RAS-28.08.2016]

(1) बेराइट्स (2) पाइराइट (3) तामड़ा/गारनेट (4) पन्ना

**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❐ दशकों से राजस्थान तामड़ा उत्पादन में अग्रणी रहा है। इसकी खानें प्रमुखतः स्थित हैं- [ACF & FRO Exam - 18.02.2021]

(1) टोंक व जोधपुर में (2) जयपुर व अलवर में

(3) जयपुर व दौसा में (4) टोंक व अजमेर में

**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ खनिज-उत्पादक क्षेत्र में सुमेलित नहीं है-
[संगणक परीक्षा-19.12.2021]
(1) लौह -नाथ की पाल (2) गार्नेट - सलादीपुरा
(3) जिप्सम - जामसर (4) मैंगनीज - कालाखूंटा
Ans. (2) **व्याख्या :** सलादीपुरा ( सीकर ) - पाइराइट

❑ जिप्सम एवं लिग्नाइट के प्रचुर भण्डार वाले जिलों का क्रमशः सही सुमेलित युग्म कौनसा है?
[पुलिस कॉन्स्टेबल-2014]
(1) डूँगरपुर और भीलवाड़ा (2) बीकानेर और पाली
(3) बीकानेर और बाड़मेर (4) बाड़मेर और नागौर
Ans. (3)

*व्याख्या* -• जिप्सम उत्पादक : नागौर, बीकानेर, जैसलमेर।
• लिग्नाइट उत्पादक : बाड़मेर, बालोतरा, बीकानेर, नागौर।

❑ राज्य में किस स्थान पर काला संगमरमर निकाला जाता है ? [RPSC Eng. Exam-1998, S.I. Exam, 1998]
(1) भैंसलाना (जयपुर) (2) बेणेश्वर (डूँगरपुर)
(3) फ़लौदी (जोधपुर) (4) देबारी (उदयपुर)
Ans. (1)

*व्याख्या* -संगमरमर : संगमरमर का उत्पादन राजसमन्द में सर्वाधिक होता है। राजसमन्द, बाँसवाड़ा ( त्रिपुरासुन्दरी ) एवं अजमेर का संगमरमर डोलोमाइटिक प्रकार का होने से सफेदी कम होती है। ज्यों-ज्यों पत्थर में से अशुद्धियाँ कम होती है, रंग सफेद होता जाता है और चमक भी बढ़ जाती है। डीडवाना-कुचामन (पूर्व में नागौर जिला) जिले के मकराना ( संगमरमर शहर ) क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ किस्म का संगमरमर मिलता है। ताजमहल इसी संगमरमर से बना है।
• सफेद ( कैल्सिटिक ) : सेरवा पेरवा ( सिरोही ), राजसमंद एवं मकराना ( डीडवाना-कुचामन )
• हरा ( सरपेंटाइन ) : उदयपुर, डूँगरपुर
• लाल : धौलपुर • काला : भैंसलाना ( जयपुर )
• बादामी : जोधपुर • पीला : जैसलमेर
• गुलाबी : सलूम्बर में केवड़ा-बाबरमाल
• नीला : देसुरी ( पाली ) • स्लेटी : मोरवड़ ( राजसमंद )
• पिस्ता : आंधी-झिरी बेल्ट, जयपुर
• सतरंगी : खांदरा ( पाली ) से प्राप्त होता है।

❑ मकराना में मिलने वाले विश्व प्रसिद्ध संगमरमर की किस्म क्या है? [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा-2014]
(1)केल्साइट(2) डोलोमाइट(3) सिलिसियम(4) मार्बोनाइट
Ans. (1) **व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ विश्व प्रसिद्ध 'ताजमहल' के निर्माण में प्रयुक्त संगमरमर का खनन राजस्थान के किस जिले से किया गया था?[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.07.2018 (II)]
(1) राजसमंद (2) उदयपुर (3) नागौर (4) बाँसवाड़ा
Ans. (3)* **व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान में निम्न में से कौनसा 'संगमरमर शहर' के रूप में प्रसिद्ध है- [EO & RO - 14.05.2023 (S - II)]
(1) नचना (2) बीदासर (3) खेतड़ी (4) मकराना
Ans. (4) **व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ गुलाबी संगमरमर का खनन क्षेत्र ...... है।
[III Grade (Sindhi) -01.03.2023]
(1) कुमारी (2) बाबरमल (3) केसरीयाजी (4) डूंगरपुर
Ans. (2) **व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ कौनसा खनिज पत्थर राज्य में सर्वाधिक विक्रय मूल्य अर्जित करता है ? [R.A.S. Pre Exam, 1992]
(1) चुनाई का पत्थर (2) चूने का पत्थर
(3) बालू पत्थर (4) संगमरमर
Ans. (4)

*व्याख्या :* उपर्युक्त खनिजों में संगमरमर राजस्थान में सर्वाधिक विक्रय मूल्य अर्जित करता है।

❑ राजस्थान कालकाजी और कावला में किस खनिज के भण्डार है- [अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा - 27.12.2020]
(1)चूना पत्थर(2)मार्बल(3) ग्रेनाइट(4) क्ले(चिकनी मिट्टी)
Ans. (3)

*व्याख्या* - जालौर जिले के कालकाजी, बुटी कावला, खांबी, कोला की घाटी, काला घाटी तथा रानीवाड़ा में ग्रेनाइट के भण्डार हैं।

❑ निम्न में से राजस्थान का 'ग्रेनाइट सिटी' के रूप में किसे जाना जाता है? [H. M. 15 May, 2012]
[III Grade (English) -27.02.2023] [PSI - 15.09.2021]
(1) सिरोही (2) उदयपुर (3) जालोर (4) जोधुपर
Ans. (3)

*व्याख्या* - ग्रेनाइट : विश्व में यह सबसे महंगा पत्थर जो मुख्यतः छप्पन की पहाड़ी, सिवाणा ( बालोतरा ) से प्राप्त होता है। जालोर को ग्रेनाइट सिटी कहा जाता है।
• काला ग्रेनाइट : कालाडेरा ( जयपुर )
• पीला ग्रेनाइट : पिथला ( जैसलमेर )
• हरा ग्रेनाइट : डूँगरपुर
• गुलाबी ग्रेनाइट: सिवाणा ( बालोतरा )

Scanned with OKEN Scanner

❒ हाल ही में राजस्थान में यूरेनियम के बड़े भण्डार पाये गये हैं[वनरक्षक-11.12.2022(II)][VDO-28.12.2021 (II)]
(1) आनन्दपुर भुकिया (बांसवाड़ा) (2) सलादीपुर (सीकर)
(3) आमेट (उदयपुर) (4) रोहिल (सीकर)
Ans. (4)

*व्याख्या – राजस्थान के सीकर जिले के खंडेला उपखण्ड के गाँव रोहिल और सुहागपुरा इलाके में यूरेनियम के भण्डार मिले हैं।*

❒ रोहिल खानें किस खनिज से संबंधित है?
[Lab Assistent (Science) -29.06.2022]
[III Grade (English) -27.02.2023]
(1) थोरियम (2) यूरेनियम (3) बेरिलियम (4) अभ्रक
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में 'झामर कोटड़ा' क्षेत्र निम्नलिखित में से किस खनिज से सम्बन्धित है?[JEN- 21.08.2016]
[वनपाल-06.11.2022(S-II)] [PSI (मोटर वाहन) - 12.02.2022]
[RAS-14.6.2012][HM- 2.9.2018][JEN-26.12.2020]
[III Grade (Sindhi) -01.03.2023]
(1) सीसा-जस्ता (2) मैंगनीज (3) रॉक फास्फेट (4) चाँदी
Ans. (3)

*व्याख्या– राजस्थान में रॉक फॉस्फेट की प्रमुख खानें निम्नलिखित है- उदयपुर के झामरकोटड़ा, दक्कन, कोटरा, नीमचमाता, बीसासम, बेलागढ़, भींडर तथा जैसलमेर के बिरमानिया, लाठी शैल समूह, जयपुर के अचरोल, बाँसवाड़ा में इसका रासायनिक खाद बनाने के लिए होता है।*

❒ झामर कोटड़ा रॉक फॉस्फेट खदानें कहाँ स्थित हैं-
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (I)]
(1) उदयपुर (2) जयपुर (3) जैसलमेर (4) बीकानेर
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ रॉक फॉस्फेट की खान कहाँ पर स्थित हैं?
[Protection Officer - 28.01.2023][राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-2014]
[Assistant Archivist-03.08.2024]
(1) दरीबा (2) आगूचा (3) नाथों की पाल (4) झामर कोटड़ा
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान का कौनसा जिला रॉक-फॉस्फेट खनिज का उत्पादक नहीं है? [Asst. Jailer Exam-15.03.2016]
(1) उदयपुर (2) जैसलमेर (3) पाली (4) जयपुर
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ रॉक फॉस्फेट पाया जाता है ?[ III Gr. Teacher-2004 ]
(1) बाँसवाड़ा, जैसलमेर, उदयपुर (2) बाँसवाड़ा, उदयपुर
(3) जैसलमेर व उदयपुर (4) बाँसवाड़ा व जैसलमेर
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ सुमेलित नहीं है? [CET- 08.01.2023 (S-I)]
(1) डोलोमाइट-बाजला-कावरा
(2) फ्लोराइट-मांडो-की-पाल (3) रॉक फॉस्फेट-बरोडिया
(4) सीसा और जस्ता – रामपुरा-अगुचा
Ans. (3) *बरोडिया (बूंदी)-सिलिका सैण्ड के भण्डार*

❒ राजस्थान में बेरिलियम उत्पादक दो प्रमुख जिले हैं–[वनरक्षक-13.12.2022(S-I)][RAS (Pre)-14 June, 2012]
(1) उदयपुर और जयपुर (2) अलवर और झुन्झुनूं
(3) नागौर और पाली (4) सिरोही और डूँगरपुर
Ans. (1)

*व्याख्या– आमेट से विरल (उदयपुर), गुजरवाड़ा-बांदर-सिन्दरी (जयपुर) में बेरिलियम पाया जाता है। बेरिलियम का उपयोग परमाणु शक्ति के रूप में होता है*

❒ नाथरा-की-पाल तथा मोरीजा – बानोला क्षेत्र में खानें हैं–[RAS-2009][खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]
[उद्योग निरीक्षक-24.06.2018] [पशुधन सहायक - 21.10.2018]
[JEN (Mech.) Dip.- 20.5.2022][Lab Assistent (Sci.) -28.6.2022]
(1) कोयले (2) ताँबे (3) लौह अयस्क (4) मैंगनीज
Ans. (3)

*व्याख्या– लौहा : सर्वाधिक लौहा जयपुर में, जबकि सर्वाधिक कच्चा लौहा कानपुरा (जयपुर) से निकाला जाता है। जयपुर के मोरिजा बानोला, झुंझुनूँ के डाबला-सिंघाना, दौसा के नीमला-राइसेला व लालसोट तथा भीलवाड़ा के पुर बनेड़ा क्षेत्र, उदयपुर के नाथरा की पाल एवं थूर हुण्डेर।*

❒ लौह अयस्क खनन क्षेत्र-जिला में सही सुमेलित नहीं है–
[JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिग्री -26.12.2020]
(1) बागोली, सराय-पचलंगी – झुन्झुनूँ
(2) नीमला –राइसेला – नागौर
(3) चौमू-सामोद – जयपुर
(4) लोहारपुरा – बूँदी
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ 'लालसोट', 'राइसेला' एवं 'बोमानी' स्थान किस खनिज से संबंधित है-
(1) मैंगनीज (2) टंगस्टन
(3) ताँबा (4) लौह-अयस्क
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ डाबला-सिंघाना क्षेत्र किस अयस्क के लिए प्रसिद्ध है? [जेल प्रहरी परीक्षा 28-10-2018, Shift -III]
(1) लौह (2) बेरिलियम (3) सीसा (4) मैंगनीज
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ 'नाथरा की पाल' खान किस जिले में अवस्थित है? [LDC Exam -09.09.2018]
(1) अजमेर (2) उदयपुर (3) सिरोही (4) बाड़मेर
Ans. (2) व्याख्या : वर्तमान में सलूम्बर जिले में स्थित है।

❑ राज्य में लोहे के औजारों के निर्माण में कौन-सा जिला प्रसिद्ध है? [जेल प्रहरी परीक्षा - 2017]
(1) झुन्झुनूं (2) राजसमंद (3) जयपुर (4) नागौर
Ans. (4)

*व्याख्या - नागौर ( धातु नगर ) जिला लोहे के औजारों के लिए तथा गजसिंहपुर ( गंगानगर ) व झोटवाड़ा ( जयपुर ) कृषिगत औजारों के लिए प्रसिद्ध है।*

❑ राजस्थान में ताँबे के विशाल भण्डार स्थित है? [R.A.S. -1999, 2003] [Police Constable Exam-2007(II)]
(1) डीडवाना (2) बीकानेर (3) उदयपुर (4) खेतड़ी
Ans. (4)

*व्याख्या - राजस्थान में ताँबा झुन्झुनूँ ( ताँबा जिला ) के खेतड़ी-सिंघाना क्षेत्र, टुण्डा अकवाली, मतावली, कोलिहान व चाँदमारी, सीकर में बन्नो वालों की ढ़ाणी, अलवर जिले के खो-दरीबा, कुशलगढ, सेनपुरी, भगत का बास व भगोनी क्षेत्र, सिरोही जिले के आबूरोड़ क्षेत्र, गोलिया, पिपेला, भीलवाड़ा जिले के पुर-दरीबा एवं बनेड़ा क्षेत्र, अजमेर जिले का सावर क्षेत्र एवं ब्यावर जिले का हनुतिया क्षेत्र में पाया जाता है। ताँबा उत्पादन की दृष्टि से राजस्थान का देश में दूसरा स्थान ( 32% उत्पादन ) है। राजस्थान का देश के ताँबा संसाधनों में हिस्सा 54% है।*

❑ निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान में ताँबा उत्पादक क्षेत्र नहीं है? [Asstt. Fire Officer -29.1.2022]
(1) गुजरवाड़ा (2) खेतड़ी (3) सिंघाना (4) खो-दरीबा
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान के किस शहर को 'ताम्र नगरी' कहते हैं- [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-06.11.2020 (II)]
(1) बूँदी (2) खेतड़ी (3) बाड़मेर (4) टोंक
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान में गोलिया व हनुतिया में भण्डार है- [कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) 14.9.2019]
(1) ताँबे के (2) चाँदी के (3) टंगस्टन के (4) मैंगनीज के
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ खो-दरीबा क्षेत्र ..... के लिए प्रसिद्ध है- [उद्योग निरीक्षक-24.06.2018] [Head Master 15 May, 2012] [PSI (मोटर वाहन) - 12.02.2022]
(1) ताँबे की खानों (2) लोहा अयस्क खानों
(3) चूने के पत्थर की प्रचुरता (4) कोयले की खानों
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ 2021 के अनुसार भारत में ताँबे के उत्पादन में राजस्थान का कौनसा स्थान है- [राजस्थान पुलिस-13.5.2022 (S-I)]
(1) पहला (2) तीसरा (3) दूसरा (4) पाँचवा
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ खनिज - निक्षेप क्षेत्र में कौनसा सुमेलित नहीं है- [Asst. Testing Officer - 27.07.2021]
(1) ताम्र - अकावाली (झुन्झुनूँ)
(2) लौह अयस्क - पुर-बनेड़ा पेटी (भीलवाड़ा)
(3) सीसा एवं जस्ता - हनुतिया (अजमेर)
(4) मैंगनीज - सिवानिया-खेरिया (बाँसवाड़ा)
Ans. (3) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ देश के कुल ताँबे के संसाधनों में राजस्थान का हिस्सा कितने प्रतिशत है? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.05.2022 (I)]
(1) 45% (2) 54% (3) 36% (4) 59%
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ खेतड़ी-सिंघाना किस खनिज/धातु का उत्पादक है- [EO & RO - 14.05.2023 (S - I)]
(1) कोयला (2) ताँबा (3) अभ्रक (4) जिप्सम
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ ताँबे की खानें कुशलगढ़, सेनपुरी व भगत का बास निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित हैं? [I Grade (Sans. Dept.)-17.11.2024]
(1) अलवर (2) भीलवाड़ा (3) कोटा (4) झुन्झुनूँ
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ राजस्थान के निम्नलिखित ताँबा खदान केन्द्रों को उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर व्यवस्थित करें-
**1. भीलवाड़ा, 2. उदयपुर, 3. अलवर, 4. खेतड़ी** [LDC - 11.08.2024]
(1) 4,3,1,2 (2) 3,4,1,2 (3) 3,1,2,4 (4) 4,1,3,2
Ans. (1) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

Scanned with OKEN Scanner

❒ चाँदमारी ताम्र परियोजना राजस्थान के किस जिले में कार्यरत है? [Jr. Accountant 04.10.16]
(1) दौसा (2) झुंझुनूँ (3) चित्तौड़गढ़ (4) पाली
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ अकवाली निक्षेप .... के लिए प्रसिद्ध हैं। [III Grade (SST) -26.02.2023]
(1) लोहा (2) ताँबा (3) संगमरमर (4) फेल्सपार
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राज्य में किस स्थान पर 31 हजार टन की क्षमता का ताँबा गलाने का संयंत्र लगाया गया है ? [Motor Veh. SI, 2002]
(1) रामपुरा (2) खेतड़ी (3) रींगस (4) सांगानेर
**Ans. (2)**

*व्याख्या-ताँबा शोधन हेतु खेतड़ी (झुन्झुनूँ) में खेतड़ी-ताँबा स्मेल्टर संयंत्र की स्थापना (9 नवम्बर, 1967 को खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स नाम से) की गई। इसे 5 फरवरी, 1975 को राष्ट्र को समर्पित किया गया। जहाँ प्रतिवर्ष 31 हजार टन ताँबा शोधन किया जाता है।*

❒ हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड उद्योग को कच्चा माल कहाँ से उपलब्ध होता है? [RPSC LDC - 17.02.2012]
(1) खेतड़ी से (2) सीकर से (3) जयपुर से (4) जावर से
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान के झुन्झुनूँ जिले में 'खेतड़ी कॉपर कॉम्पलेक्स' भारत सरकार द्वारा किस वर्ष में स्थापित हुआ था- [II Grade (Sans..) -12.2.2023 (S-I)]
(1) 1967 (2) 1968 (3) 1969 (4) 1970
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ कौन-सा खनिज सिंघाना के मदान-कुदान क्षेत्र में निकलता है? [कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर)- 23.03.2019]
(1) लौह (2) ताँबा (3) मैग्नीशियम (4) एल्यूमीनियम
**Ans. (2)**

*व्याख्या - खेतड़ी (झुन्झुनूँ) में दो खानों माधव कुधन (मदान-कुदान) और कोलीहान से ताँबे का खनन किया जा रहा है।*

❒ राजस्थान में विभिन्न श्रेणियों का ताँबा पाया जाता है। राजस्थान की निम्नांकित जगहों में से किस जगह समस्त श्रेणियों का ताँबा सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है? [खाद्य सुरक्षा अधिकारी-25.11.2019]
(1) आंजनी (उदयपुर)
(2) मदान-कुदान (झुन्झुनूँ)
(3) बेडावल-की-पाल (उदयपुर)
(4) हनोतिया (अजमेर)
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ बीकानेर रियासत में दुलमेरा किस खनिज के लिए प्रसिद्ध था- [व्याख्याता आयुर्वेद विभाग-12.11.2021]
(1) पत्थर (2) अभ्रक (3) कोयला (4) ताँबा
**Ans. (1)**

❒ एशिया का श्रेष्ठ जस्ता एवं सीसा अयस्क भण्डार उपलब्ध है ?[R.A.S. Pre Exam, 2007]
(1) राजसमन्द जिले के राजपुर दरीबा में
(2) उदयपुर जिले के देलवाड़ा में
(3) भीलवाड़ा जिले के रामपुर आंगुचा में
(4) उदयपुर जिले के झामर कोटड़ा में
**Ans. (3)**

*व्याख्या - सीसा-जस्ता (Pb-Zn) उत्पादक क्षेत्र :*
- *उदयपुर जिले के जावर, बरोई मगरा तथा सलूम्बर के मोचिया-मगरा, बलारिया क्षेत्र। उदयपुर के देबारी गाँव में भारत सरकार का 'हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड' का कारखाना है। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी जिंक खनन करने वाली कम्पनी है।*
- *चन्देरिया (चित्तौड़गढ़) में ब्रिटेन की सहायता से 'सुपर जिंक स्मेल्टर' संयंत्र स्थापित किया गया है जिसका एशिया में प्रथम स्थान है।*
- *राजसमंद जिले के राजपुरा-दरीबा, सिन्देसर कला (सर्वाधिक उत्पादन क्षमता वाली खान)*
- *सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा*
- *भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा, रामपुरा- आंगुचा (विश्व की सबसे बड़ी सीसे व जस्ते सिंगल ओपन कास्ट खान) एवं पुन-बनेड़ा।*

❒ निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान में स्थित महत्त्वपूर्ण सीसा-जस्ता-चाँदी के भंडार में से एक है? [राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-15.05.2022 (I)] [CET-G (S-II) - 28.09.2024]
(1) रामपुरा-आंगुचा और पुर-बनेड़ा
(2) मोरिजा-नीमला (3) लालसोट (दौसा)
(4) छोटी-सर, बड़ी-सर (उदयपुर)
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ कथन A : राजस्थान का दूसरा जस्ता शोधन संयंत्र अब चन्देरिया (चित्तौड़गढ़) में स्थापित किया जा रहा है-
कारण R : चित्तौड़गढ़ जिले में जस्ता अयस्क भण्डार प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है- [RAS Exam - 1991]
(1) कथन सही और कारण भी सही है
(2) कथन गलत है, परन्तु कारण सही है
(3) कथन सही है, परन्तु कारण गलत है
(4) कथन गलत है, और कारण भी गलत है
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **भीलवाड़ा जिले के आंगुचा-गुलाबपुरा क्षेत्र से कौनसा खनिज प्राप्त होता है?** [RPSC LDC. Exam, 2012] [Asst. Jailer Exam-15.03.2016]
(1) जस्ता (2) अभ्रक (3) ताँबा (4) केल्साइट
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **आंगुचा - गुलाबपुरा खनन क्षेत्र में खनिजों के किस जोड़े के लिए प्रसिद्ध है?** [उद्योग निरीक्षक-24.06.2018]
(1) Zn - Pb (2) Mg - Mn (3) Fe - Ni (4) Ag - Au
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **चन्देरिया सीसा-जस्ता प्रद्रावक किस जिले में स्थित है?** [जेल प्रहरी - 2017][RPSC LDC. Exam, 2012] [JEN (Civil) Degree - 18.05.2022]
(1) उदयपुर (2) चित्तौड़गढ़ (3) भीलवाड़ा (4) अजमेर
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **निम्नलिखित में से कहाँ देश का सबसे अधिक और बड़ा सीसा - जस्ता का एकल जमा है-**
[ग्राम सेवक, 2008] [क.वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) 21.9.2019]
(1) पलाना (2) खेतड़ी (3) खो-दरीबा (4) जावर
**Ans. (4)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड का जिंक स्मेल्टर, उदयपुर में कहाँ स्थित है-** [LDC Exam - 16.09.2018]
(1) खेतड़ी (2) नीमराना (3) देबारी (4) निम्बाहेड़ा
**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **जावर खान किस जिले में है?** [I Grade Teacher, 2012] [III Grade Teacher-2004]
(1) उदयपुर (2) सवाई माधोपुर (3) चित्तौड़गढ़ (4) राजसमन्द
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **गुढ़ा-किशोरीदास और चौथ का बरवाड़ा जिस खनन के लिए प्रसिद्ध हैं, वह है-** [JEN (Diploma) - 21.8.2016] [Police Constable - 2013]
(1) सीसा एवं जस्ता (2) ताँबा (3) लौह-अयस्क (4) मैंगनीज
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में सीसा एवं जस्ता की रामपुरा-आंगुचा की खानें, जिस जिले में स्थित हैं, वह है-** [सांख्यिकी अधिकारी- 20.12.2021] [Lab Assistent (Geography)-30.06.2022]
(1) भीलवाड़ा (2) उदयपुर (3) प्रतापगढ़ (4) झुन्झुनूं
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **कौनसे स्थान जिंक खदानों से सम्बन्धित हैं-**
**1. मोचिया 2. डींगोर 3. बलारिया 4. डाडिया 5. जावर माला** [JEN (Civil) Degree 12.09.2021]
(1) 2, 3 और 4 (2) 1, 3 और 5
(3) 1, 2 और 3 (4) 3, 4 और 5
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **चन्देरिया....संयंत्र चित्तौड़गढ़ में स्थित है।** [III Grade (SST) -26.02.2023]
(1) एस्बेस्टस (2) जस्ता (3) ताँबा (4) इस्पात
**Ans. (2)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **राजस्थान में सीसा-जस्ता के सबसे बड़े निक्षेप कहाँ स्थित है?** [III Grade (Sindhi) -01.03.2023]
(1) सिंदेसर-कलां (2) मौखमपुरा पूर्व
(3) राजपुरा-दरीबा (4) दरीबा पूर्व
**Ans. (1)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **उदयपुर की जावर खानें किसके लिए प्रसिद्ध है?** [Stenographer-15.10.2024]
(1) मार्बल (2) बॉक्साइट (3) जिंक (4) ग्रेनाइट
**Ans. (3)** *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ **सीसा-जस्ता गलाई संयंत्र कहाँ स्थापित किया गया है ?** [Motor Veh. SI, 2002][पुलिस कॉन्स्टेबल-14.7.2018]
(1) भैंसलाना (जयपुर) (2) बेणेश्वर (डूँगरपुर)
(3) कोटा (4) देबारी (उदयपुर)
**Ans. (4)**

*व्याख्या - उदयपुर के देबारी गाँव में जिंक स्मेल्टर (सीसा एवं जस्ता गलाई संयंत्र) स्थापित किया गया है।*

❑ **निम्न खनिजों में किसके लिए राजस्थान को देश में एकाधिकार प्राप्त है ?** [R.A.S. Pre Exam, 2003] [A. Jailor Exam, 2004]
(1) सीसा-जस्ता (2) अभ्रक (3) मैंगनीज (4) ताँबा
**Ans. (1)**

Scanned with OKEN Scanner

*व्याख्या – सीसा-जस्ता का उत्पादन राजस्थान में 80-90 प्रतिशत होता है।*

❒ सुमेलित कीजिये – [RAS Pre Exam-26.10.2013]
[पशुधन सहायक परीक्षा - 21.10.2018]

| सीसा-जस्ता क्षेत्र | जिला |
|---|---|
| (A) देबारी | (i) सवाई माधोपुर |
| (B) राजपुरा – दरीबा | (ii) भीलवाड़ा |
| (C) रामपुरा – आंगुचा | (iii) राजसमन्द |
| (D) चौथ का बरवाड़ा | (iv) उदयपुर |

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 4 | 2 | 1 | (2) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (3) | 4 | 3 | 1 | 2 | (4) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**Ans. (2)**

*व्याख्या– सीसा-जस्ता क्षेत्र : उदयपुर के देबारी गाँव में, सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा, राजसमंद जिले के राजपुरा-दरीबा, भीलवाड़ा जिले के रामपुरा-आंगुचा।*

❒ निम्नलिखित में से राजस्थान का कौनसा जिला मैंगनीज खनिज के लिए प्रसिद्ध है? [E.O.- 2007]
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.07.2018 (II)]
(1) जोधपुर (2) बाँसवाड़ा (3) बीकानेर (4) झालावाड़
Ans. (2)

*व्याख्या : मैंगनीज का बाँसवाड़ा जिले के लीलवानी नराड़िया, सिवोनिया, सागवा, काँसला, कालाखूँटा व तलवाड़ा (सर्वाधिक उत्पादन) क्षेत्रों में पाया जाता है। इसके अलावा कुछ मैंगनीज नगेडिया (राजसमंद) तथा छोटी-सर, बड़ी-सर (उदयपुर) में भी पाया जाता है।*

❒ राजस्थान के किस जिले में लीलवानी खान स्थित है? [महिला पर्यवेक्षक-06.01.2019]
(1) जयपुर (2) बाँसवाड़ा (3) डूँगरपुर (4) उदयपुर
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में इस धात्विक खनिज के भंडार मुख्य रूप से बाँसवाड़ा जिले में पाए जाते हैं, जहाँ यह गुरिया से रथिमुरी तक 22 किमी. की दूरी तक फैली हुई पट्टी तक संकुचित है। इसके छोटे निक्षेप, गाँव नेगड़िया (राजसमंद), छोटी-सर, बड़ी-सर (उदयपुर) के पास भी स्थित हैं। धात्विक खनिज की पहचान करें। [राज. पुलिस कॉन्स्टेबल-13.05.2022 (I)]
(1) टंगस्टन (2) मैंगनीज (3) सोना (4) लोहा
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ बाँसवाड़ा जिले के सिवोनिया, कालाखूँटा, घाटिया क्षेत्र .....खनिज के भण्डारों के लिये जाने जाते हैं। [III Grade (Hindi) -26.02.2023]
(1) टंगस्टन (2) चाँदी (3) सीसा-जस्ता (4) मैंगनीज
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में कालाखूँट, लीलवानी, नराड़िया, तिम्मामोरी किस खनिज के उत्पादक क्षेत्र है? [RAS - 01.10.2023]
(1) मैंगनीज (2) टंगस्टन (3) ताँबा (4) लौह-अयस्क
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ राजस्थान में पन्ने की खानें कहाँ स्थित हैं ? [Police Constable Exam-2006-07]
(1) अजमेर ज़िले में (2) उदयपुर जिले में
(3) उपर्युक्त दोनों जिलों में (4) उक्त में में कहीं नहीं
Ans. (3)

*व्याख्या – यह उदयपुर जिले के गोगुंदा, अंटालिया व टिक्की क्षेत्र, अजमेर जिले के बूबानी-राजगढ़, राजसमंद के कालागुमान आदि जिलों में पाया जाता है। पन्ना की एक संकड़ी पट्टी उत्तर में देवगढ़ से दक्षिण में कांकरोली तक फैली हुई है। यह हरे रंग का कीमती पत्थर होता है। इसलिए इसे हरी अग्नि भी कहते है। सर्वप्रथम इसका पता (1943 ई.) कालागुमान क्षेत्र में लगा। विश्व में पन्ने की अन्तर्राष्ट्रीय सबसे बड़ी मण्डी जयपुर में स्थित है। ब्रिटेन की माइन्स मैनेजमेन्ट लिमिटेड कम्पनी द्वारा बुबानी व मुहामी (अजमेर) से गाँव गुढ़ा (राजसमंद) तक 221 किमी. लम्बी फाइनग्रेड पन्ने की खोजी गयी विशाल पट्टी को 'ग्रीन फायर बैल्ट' नाम दिया गया है।*

❒ राजस्थान में निम्न में से कौनसा पन्ना खनन क्षेत्र नहीं हैं? [JEN (Mechanical) Degree - 20.05.2022]
(1) टिक्की (2) गोगुन्दा (3) कालागुमान (4) सरवर
Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ कालागुमान और टिक्की क्षेत्र ................उत्पादन हेतु जाने जाते हैं। [CET : 07.01.2023 (S-II)]
(1) गार्नेट के (2) पन्ना के
(3) कैल्साइट के (4) घीया पत्थर के
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❒ विश्व में पन्ने की सबसे बड़ी मंडी है– [II Gr.T., 2010]
(1) अलवर (2) जयपुर (3) झालावाड़ (4) भीलवाड़ा
Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ राजगढ़ ( अजमेर ) एवं देवगढ़ ( उदयपुर ) किसके निक्षेपों हेतु जाने जाते हैं? [I Grade Teacher-17.10.2022]
(1) पन्ना (2) गार्नेट/तामड़ा (3) हीरा (4) पुखराज
Ans. (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ निम्न में से राजस्थान के किस जिले में सोने के भण्डार पाये गये हैं- [Asst. Professor- 7.1.2024]
[R.A.S. Pre Exam, 1998][III Grade (Hindi) -26.02.2023]
(1) झालावाड़ (2) अजमेर (3) सिरोही (4) बाँसवाड़ा
Ans. (4)

**व्याख्या - सोना :** आनन्दपुर- भुकिया, तिमारन माता (बाँसवाड़ा), धानी बासड़ी (दौसा), झुन्झुनूँ।

